HIMACHAL PRADESH
JICA AGRICULTURE PROJECT

DAILY DIARY

HAMIRPUR: 28 MARCH, 2026

किसानों की आत्मनिर्भरता की ओर बड़ा कदम, 2.5 करोड़ रुपये की सिंचाई उप परियोजनायें सौंपी "परूल और बीरता परूल-II उपपरियोजनाओं से 178 हेक्टेयर भूमि होगी सिंचित"

देहरा, 27 मार्च: हिमाचल प्रदेश में कृषि परियोजना जायका द्वारा किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल ने सिंचाई उप परियोजना 'परूल' और 'बीरता परूल-II' का हस्तांतरण किया। यह कार्यक्रम फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना (चरण-II) के तहत खंड प्रबंधन इकाई देहरा द्वारा आयोजित किया गया। करीब 2.5 करोड़ रुपये की लागत से बनी कुहलों का जिम्मा बीरता और ललेहर पंचायत की कृषि विकास एसोसिएशनों को सौंपा गया, जिससे लगभग 178 हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि को सिंचाई सुविधा मिलेगी। एसडीएम ने कहा कि इसका उद्देश्य किसानों को समय पर पानी उपलब्ध कराना और उनकी आय बढ़ाना है। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर डॉ. योगिंदर पॉल कौशल (डीपीएम), डॉ. रजनीश शर्मा (एसएमएस), डॉ. सुरेंद्र सिंह (एसडीएससीओ) और विवेक कंवर (बीपीएम) सहित अन्य अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।